भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.03.2023 के

अतारांकित प्रश्न3 सं.3635 का उत्तर

दूसरी पीढ़ी की वंदे भारत रेलगाड़ी

3635. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा:

श्री देवजी पटेल:

श्री दिलीप शइकीया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बेहतर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के साथ दूसरी पीढ़ी की वंदे भारत रेलगड़ियों को सफलतापूर्वक तैयार कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने अगस्त, 2023 तक 75 वंदे भारत रेलगाड़ियां चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिन्हें 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलाया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का समदड़ी भीलड़ी होते हुए दिल्ली‍े से अहमदाबाद, गुवाहाटी से कोलकाता और गुवाहाटी से दिल्लीर के बीच, असम और पश्चिमी बंगाल के तीर्थ और सांस्कृतिक विरासत वाले स्टेशनों और दक्षिण भारत में विशेष रूप से दिल्लीए से बेंगलुरु तक वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्‍ि हैनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दूसरी पीढ़ी की वंदे भारत रेलगाड़ी के संबंध में दिनांक 22.03.2023 को लोक सभा में श्री वाई. देवेन्द्रप्पा, श्री देवजी पटेल और श्री दिलीप शइकीया के अतारांकित प्रश्न सं.3635 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर के संबंध में विवरण।

(क) और (ख) : उन्नत संरक्षा सुविधाओं , बेहतर सवारी सूचकांक और यात्री सुविधाओं के साथ नई और बेहतर दूसरी पीढ़ी की वंदे भारत गाड़ी संस्करण 2.0 को भारतीय रेल में सफलतापूर्वक शुरू किया गया है।

नई दिल्ली-वाराणसी और नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों की पहली पीढ़ी के दो रेकों के अलावा ऐसी वंदे-भारत गाड़ियों के आठ रेक नियमित सेवा (मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर , नई दिल्ली-अंब अंदौरा , चेन्नई-मैसूरु, बिलासपुर-नागपुर, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-साईनगर शिरडी , और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सोलापुर) के रूप में चलाए जा रहे हैं ।

नई वंदे भारत गाड़ियों में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

1. तीव्र गति वृद्धि और 160 किमी प्रति घंटे तक सेमी हाई स्पीड की चाल।
2. यात्रियों के निर्वाध आवागमन हेतु पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे
3. स्वचालित प्लग दरवाजे
4. एग्जीक्यूटिव श्रेणी में रिक्लाइनिंग एर्गोनोमिक और आरामदायक रिवॉल्विंग सीटें
5. बेहतर सवारी सुविधा।
6. प्रत्येक सीट के लिए मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।
7. हॉट केस, बॉटल कूलर, डीप फ्रीजर और हॉट वॉटर बॉयलर की व्यवस्था के साथ मिनी पैंट्री
8. सीधी और विसरित प्रकाश व्यवस्था।
9. दिव्यांगजन यात्रियों के लिए डीटीसी में विशेष शौचालय।
10. प्रत्येक कोच में आपातकालीन खुलने योग्य खिड़कियां और अग्निशामक
11. सभी कोचों में सीसीटीवी
12. सभी कोचों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन और टॉक बैक यूनिट।

13. बेहतर अग्निशमन संरक्षा - एयरोसोल आधारित आग संसूचन और शमन प्रणाली
14. वॉयस रिकॉर्डिंग सुविधा और टक्कर रोधी मेमोरी के साथ ड्राइवर और गार्ड के बीच संपर्क
15. रिमोट निगरानी के साथ कोच स्थिति निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) डिस्प्ले
16. आपदा लाइटें - आपात स्थिति में प्रत्येक कोच में 4 अदद
17. कोच के बाहर रियर व्यू कैमरों सहित 4 प्लेटफॉर्म साइड कैमरे।
18. कवच प्रणाली से सुसज्जित।

(ग): भारतीय रेल द्वारा 75 वंदे-भारत चेयर कार गाड़ियों के विनिर्माण की योजना बनाई गई है जो देश के विभिन्न भागों को जोड़ेंगी।

मध्यम और लंबी दूरी की गाड़ी यात्रा के लिए वंदे भारत स्लीपर गाड़ियों के निर्माण की भी योजना है।

इन सभी गाड़ियों की डिजाइन/संचालन गति अधिकतम 180/160 किमी प्रति घंटा है।

भारतीय रेल द्वारा 200 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता वाली वंदे-भारत स्लीपर गाड़ियों के विनिर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

(घ) और (ङ): वर्तमान में, ऐसा कोई तत्काल प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बहरहाल, परिचालन व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, चल स्टॉक की उपलब्धता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल पर वंदे भारत सेवाओं को शुरू करना सतत् प्रक्रिया है।

*****